# वंदे मातरम मुद्दे ने तूल पकड़ा भाजपा-कांग्रेस एक मत

- पूर्व मंत्री की पार्षद को नसीहत

नव भारत न्यूज
इंदौर. नगर निगम बजट में एक मुस्लिम महिला पार्षद द्वारा यह कहना कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम को इस्लाम गाने के इजाजत नहीं देता है, उक्त बयान ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है. यह बात अलग है कि कांग्रेस ने उक्त मुद्दे पर कल ही स्थिति स्पष्ट कर दी थी कि कांग्रेस का इससे सरोकार नहीं है. भाजपा ने आज उक्त मामले को मुद्दा बनाकर बयान दिए.

निगम बजट सत्र में पार्षद फौजिया शेख ने वंदे मातरम् गाने को इस्लाम के खिलाफ बताने का बयान दिया था. इस मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है. आज महापौर ने वीडियो जारी कर कांग्रेस से स्पष्टीकरण मांगा. नेता प्रतिपक्ष और शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कल ही बयान दे दिया था और आज फिर मीडिया को कहा कि वंदे मातरम और राष्ट्रगान जन गण मन कांग्रेस की रग रग में बसता है. देश की आजादी का अलख हमारे वीर क्रांतिकारियों ने राष्ट्रगीत गाकर ही जगाया और आजादी दिलाई है. वहीं कांग्रेस वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने पार्षद फौजिया शेख को नसीहत का पाठ पढ़ाया कि राष्ट्रगीत भारत की माटी में बसा है और राष्ट्रगीत के खिलाफ बोलने से पहले सोचे और अपने शब्दों पर ध्यान दे.

## किसने क्या कहा...



पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि वंदे मातरम देश की माटी में घुला हुआ है. इसमें कोई अश्लील शब्द थोड़ी है, जो गाने से मना किया गया. फौजिया को अपने शब्दों पर ध्यान देना चाहिए.



महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सवाल किया है कि कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रगीत गाया जाता होगा. चौकसे के बाद प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और दिग्विजय सिंह भी राष्ट्रगीत को लेकर अपना रुख स्पष्ट करें कि वो देश भक्तों के साथ है या देशद्रोहियों के साथ.



नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान भारत के सम्मान का प्रतीक है. राष्ट्रभक्ति और देश पहले है और समाज एवं पार्टी बाद में है. हमारे पूर्वजों और देश भक्तों ने राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान गाकर आजादी के लिए अंग्रेजों को भगाया है. दोनों भारत के सम्मान एवं आन बान और शान के प्रतीक है.



- पार्षद फौजिया शेख ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 19 और 25 में उल्लेख है कि वंदे मातरम को प्रेशर देकर गाने पर मजबूर नहीं कर सकते है. मैं सुप्रीम कोर्ट और संविधान की जानकारी के साथ संभागायुक्त के पास जाऊंगी. मैं वंदे मातरम का आदर करती हूं और इसको लेकर भाजपा ने शहर की जनता को गुमराह किया है. मैं 4 बार से पार्षद हूं. हिंदुस्तान जिंदाबाद.

## भाजपा पार्षदों ने संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा

भाजपा पार्षदों ने आज संभागायुक्त डॉ सुदामा खाड़े को ज्ञापन सौंपा. करीब 64 पार्षद के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन में पार्षद फौजिया शेख की पार्षद पद से हटाने और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है. यह बात अलग है कि भाजपा के गिनती के पार्षद ही ज्ञापन देने पहुंचे.

**शहर कांग्रेस ने रुबीना खान को हटाने का प्रस्ताव भेजा**-शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने पार्षद रुबीना खान को पार्टी से निष्कासित करने का प्रस्ताव प्रदेश अध्यक्ष को भेजा है. चौकसे ने कहा कि रुबीना खान आज से कांग्रेस पार्टी में नहीं है. उन्होंने जिस तरीके से पार्टी के खिलाफ अनर्गल बातें की है, ऐसे लोगों का कांग्रेस में स्थान नहीं है और पार्टी को ऐसे लोगों की आवश्यकता भी नहीं है. रुबीना खान को प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को निष्कासित करने का प्रस्ताव भेजा है. उल्लेखनीय की रुबीना खान ने कांग्रेस के खिलाफ खुलकर बयान बाजी की थी.

# एबीवीपी का प्रदर्शन, पार्षदों पर कार्रवाई की मांग

- नगर निगम में 'वंदे मातरम्' गान को लेकर विवाद का मामला

नवभारत न्यूज
**इंदौर. नगर निगम के बजट सत्र के दौरान 'वंदे मातरम्' को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से विवाद खड़ा हो गया है. इस मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है, और नगर निगम परिसर में वंदे मातरम गाया गया जिसमें महापौर भी शामिल हुई.**



एबीवीपी का आरोप है कि पार्षद फौजिया शेख अलीम और रुबीना इकबाल द्वारा राष्ट्रगीत के प्रति की गई टिप्पणी निंदनीय है और इससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं. संगठन ने कहा कि 'वंदे मातरम्' स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा और देश के गौरव का प्रतीक है, इसलिए इसका अपमान किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता. संगठन ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि दोनों पार्षदों को तुरंत पद से बर्खास्त किया जाए और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए. साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े दिशा-निर्देश लागू करने की भी बात कही है.

**नियमों के तहत होगी कार्रवाई: महापौर**-महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि छात्रों ने इस संबंध में उन्हें ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम्' का अपमान निंदनीय है और नियमों के तहत संभाग आयुक्त से चर्चा कर आगे कार्रवाई की जाएगी. वहीं उन्होंने कांग्रेस के बड़े नेताओं को इस तरह के कृत्य करने वालों के खिलाफ एक्शन लेने की बात कही.

## प्रदर्शन एक चेतावनी

एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सोलंकी ने कहा कि यह प्रदर्शन एक चेतावनी है. यदि दोषी पार्षदों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा. वहीं, एबीवीपी के महानगर मंत्री देवेश गुर्जर ने भी चेतावनी दी है कि जल्द कार्रवाई नहीं होने पर संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा.

# एमार इंडिया के फर्जीवाड़े पर रेरा का शिकंजा

**इंदौर. शहर के रियल एस्टेट क्षेत्र में एक और बड़ा घोटाला सामने आया है, जिसमें देश की चर्चित रियल एस्टेट कंपनी एमार इंडिया, जिसे विश्वप्रसिद्ध बुर्ज खलीफा के निर्माण से जोड़ा जाता है, पर गंभीर अनियमितताओं और उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी के आरोप सिद्ध हुए हैं.**

मध्यप्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा), भोपाल द्वारा पारित ताजा आदेश ने कंपनी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. मामले के अनुसार, कंपनी ने एक ही प्लॉट को पहले खरीदार को बेचने के बाद उसी भूखंड की रजिस्ट्री दूसरे व्यक्ति के नाम कर दी, जो सीधे तौर पर दोहरी बिक्री और उपभोक्ता अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है. इस अनियमितता को अत्यंत गंभीर मानते हुए रेरा ने बाद में की गई रजिस्ट्री को निरस्त कर दिया तथा कंपनी को निर्देशित किया कि वह मूल (प्रथम) खरीदार के पक्ष में ही वैध बिक्री विलेख निष्पादित करे और उसे कब्जा प्रदान करे. साथ ही कंपनी पर आर्थिक दंड भी अधिरोपित किया गया है.

## पूर्व में भी हो चुकी है कार्रवाई

इससे पूर्व भी रेरा द्वारा इसी कंपनी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करते हुए एक महत्वपूर्ण आदेश पारित किया जा चुका है, जिसके अंतर्गत संपूर्ण परियोजना में होने वाली बिक्री विलेख पर रोक लगा दी गई थी. उक्त प्रकरण में कंपनी द्वारा नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण ने लगभग 5 लाख रुपए का आर्थिक दंड भी अधिरोपित किया था. इसके बावजूद कंपनी की कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार नहीं होना नियामक व्यवस्था के लिए भी चिंता का विषय बनता जा रहा है.

# 19 वर्षीय युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या



इंदौर. आजाद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले 19 वर्षीय युवक ने बुधवार देर रात जहर खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली.

थाना क्षेत्र के पालदा क्षेत्र की पवनपुरी कॉलोनी में रहना वाला 19 वर्षीय अनुराग ने अपने घर में जहर खा लिया. रिश्तेदार नीरज उसे गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल ले गए, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. जांच में पता चला है कि अनुराग मूलत: नर्मदापुरम जिले के बिशोनी गांव का रहने वाला था. वह पिछले तीन साल से इंदौर में रहकर एक दाल मिल में काम करता था और किराए के मकान में रहता था. प्रारंभिक जानकारी पुलिस को पता चला है कि घटना से पहले अनुराग ने अपने छोटे भाई से बात की थी, जिसमें उसे पता चला कि उसके पिता ने उसकी मां के साथ मारपीट की है. पिता से हुई बातचीत के बाद मानसिक आघात के चलते उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया हैं, पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## एक नजर में

### मातृ शक्तियों ने किया शस्त्र कला का शानदार प्रदर्शन




**महू.** श्री खेड़ापति हनुमान मेला उत्सव समिति व नगर पालिका परिषद धार के तत्वावधान में मातृ शक्तियों ने शस्त्र कला का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया. इस अवसर पर समिति सदस्यों ने प्रदर्शन में शामिल महू एवं अहिल्या अखाड़ा गांगलिया खेड़ी की बालिकाओं और माता बहनों को सम्मानित किया. इस अवसर पर पं. संजय मिश्र, द्वारका राठौड़, दीपू सेंगर, विपिन पार्षद, दीपक लोहार, अजय सिंह ठाकुर, हरिओम काका राठौर, सोनवानिया जी व अन्य सदस्यों द्वारा शस्त्र कला प्रदर्शन कर रही सभी मातृ शक्ति और बालिकाओं का स्वागत किया गया. इस बार धार के मेले में नारी शक्ति और बेटी सुरक्षा, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ को लेकर कुछ अलग अंदाज में संदेश दिया. ज्ञात हो, बेटियां दो कुल को तारती हैं, बिटिया रहें सुरक्षित इसलिए बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ और बेटियों को शस्त्र कला भी जरूर सिखाओ, लाठी और तलवार का परीक्षण जरूर दिलवाओ. अखाड़ा संचालिका श्रीमती आशा परमार को भी इस नि:स्वार्थ और उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया.

### सजनी कालोसिया अध्यक्ष, आयुष द्विवेदी महासचिव नियुक्त




**महू/इंदौर.** हम फाउंडेशन भारत मालवा प्रांत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट निशिकांत चौधरी ने संगठन की सत्र 2026-27 की कार्यकारणी घोषित की, जिसमें मालवा प्रांत अध्यक्ष श्रीमती सजनी कालोसिया, महासचिव इंजीनियर आयुष द्विवेदी, अतिरिक्त महासचिव शिवदत्त डोंगरे, संरक्षक मदन भाऊ ठाकरे खंडवा, सलीम खान महू संस्कृति शाखा, कार्यकारी अध्यक्ष रवि पाण्डेय खंडवा सिटी, कामना कुशवाह इंदौर, उपाध्यक्ष डॉ. रेखा मंडलोई, श्रीमती संगीता सोनवाने, संगठन मंत्री नारायण सिंह तोमर, प्रचार प्रसार संयोजक (मीडिया प्रभारी) पत्रकार अशोक दीक्षित महू, सहसंयोजक श्रीमती सीमा शर्मा इंदौर, सेवा कार्य प्रमुख सीमा मस्तकर, सह संयोजक वीणा दीक्षित महू, शंकर सेवा प्रमुख हरीश मेहरा उज्जैन, सह संयोजक उमा शर्मा महू, संयोजक नशामुक्ति सुनीता सुले उज्जैन, सहसंयोजक निरुपमा जैन उज्जैन, राष्ट्रगान संयोजक काशीनाथ काले खंडवा, प्रांत संपर्क प्रमुख श्रीमती संगीता तंबोली महू, समग्र ग्राम विकास अमित मिश्रा खंडवा, संयोजक युवा बाल कल्याण अर्चना आरस बड़वाह, सहसंयोजक रीना वर्मा, विधि प्रकोष्ठ राकेश व्यास उज्जैन, स्वास्थ्य सेवा प्रमुख निगार खान खंडवा नियुक्त किए गए. सभी पदाधिकारियों का शपथ विधि समारोह एवं तीनों प्रांत की बैठक 26 अप्रैल को पांढुरना छिंदवाड़ा जिला में आयोजित होगी.

### किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट के समक्ष किया प्रदर्शन

**महू.** किसानों का गेहूं सीधी पद्धति से समर्थन मूल्य से जल्द खरीदने, कर्जमाफी, गेहूं का भुगतान शीघ्र करने और ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान का मुआवजा देने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने इंदौर कलेक्टर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया. इस अवसर पर एक ज्ञापन भी दिया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता सदाशिव यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामेश्वर पटेल, अशोक सैनी, जीतू ठाकुर, कमल चौधरी, एडवोकेट दौलत पटेल, जुगनू जादवसिंह धनावत, शक्तिसिंह गोयल, विजेंद्रसिंह चौहान, गजेंद्रसिंह राठौर, नारायण पटेल, मोतीसिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य रुक्मणी निनामा, भूरू भाई, दिनेश सल्वाडिया, कैलाश गोयल, प्रभारी शवी मैडम, रीता डांगरे, राजकुमार बागड़ी, गोविंद टेलर, विष्णु मालवीय, महेंद्र यादव, राजाराम चौधरी, यादवसिंह चौहान, आनंद गुरु, मनमोहन गुनावत, देवेंद्र अग्रवाल, जनपद प्रतिनिधि विलीन पाटीदार, मनीष वर्मा, बंसी कौशल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे.

# ग्राहक बनकर पुलिस ने दबोचा ड्रग्स तस्कर

- 15 ग्राम एमडी जब्त
- आरोपी का नेटवर्क खंगालने में जुटी चंदन नगर पुलिस



नव भारत न्यूज
**इंदौर. शहर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चंदन नगर पुलिस ने सिविल ड्रेस में ग्राहक बनकर कार्रवाई करते हुए एक ड्रग्स तस्कर को एमडी के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से 1.60 लाख रुपए की करीब 15.09 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की है. पुलिस अब उसके नेटवर्क को खंगाल रही है.**

थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि मुखबिर सूचना के आधार पर टीम ने चंदन नगर सर्विस रोड क्षेत्र में घेराबंदी की. इस दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ने के लिए पुलिसकर्मी ग्राहक बनकर पहुंचे. जैसे ही युवक ने ड्रग्स देने की कोशिश की, पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह भागने लगा. टीम ने आरोग्य अस्पताल के पीछे खाली मैदान में घेराबंदी कर उसे दबोच लिया.

रिमांड लेकर ड्रग्स नेटवर्क के संबंध में की जा रही पूछताछ- पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद हनीफ उर्फ सोनू खान उम्र 30 साल निवासी राजकुमार नगर, मक्का मस्जिद वाली गली, इंदौर बताया. तलाशी में उसके पास से एमडी ड्रग्स बरामद हुई. आरोपी ने कबूला कि वह खुद नशे का आदी है और जल्दी पैसे कमाने व कर्ज चुकाने के लिए ड्रग्स का धंधा कर रहा था. वह आजाद नगर क्षेत्र से सस्ते में ड्रग्स खरीदकर यहां महंगे दामों में बेचता था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है. आरोपी को रिमांड लेकर उससे ड्रग्स सप्लाई के स्रोत और नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है.

## एमडी ड्रग्स के साथ एक और युवक गिरफ्तार



इंदौर. सदर बाजार पुलिस ने भी एक युवक को एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा है. आरोपी के कब्जे से 12.72 ग्राम मादक पदार्थ जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उससे पूछताछ की जा रही है. उप निरीक्षक जयेन्द्र दत्त शर्मा ने बताया कि एकदंत गणेश मंदिर के पीछे खाली मैदान में मुखबिर की सूचना पर दबिश दी गई थी. यहां से जूना रिसाला में रहने वाले 24 वर्षीय मोईन को गिरफ्तार किया है, तलाशी में उसके पास से अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई. आरोपी से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि वह ड्रग्स कहां से लाया और किन लोगों को सप्लाई करने वाला था.

# शहर में दिनों दिन फैल रहा साइबर ठगी का जाल

- निवेश के नाम पर और ओटीपी व एटीएम से लाखों किए पार

**इंदौर. शहर में साइबर ठगी और बैंक फ्रॉड के मामले लगातार सामने आ रहे हैं. राजेंद्र नगर, हीरानगर, अन्नपूर्णा और द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में अलग-अलग मामलों में साइबर ठगों ने लोगों को झांसा देकर लाखों रुपए की चपत लगा दी. पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

राजेंद्र नगर क्षेत्र में रहने वाले 37 वर्षीय मुकेश नायक ने पुलिस को बताया कि उसके खाते से मई 2019 में जमशेदपुर (झारखंड) के एटीएम से 12 बार में 1.20 लाख रुपए निकाल लिए. जबकि खाते में पर्याप्त राशि मौजूद थी. इसी तरह हीरानगर थाना क्षेत्र के मेघदूत नगर में रहने वाले 26 वर्षीय रोहित गौर को ट्विटर (एक्स) पर फर्जी अकाउंट के जरिए शेयर बाजार में ज्यादा मुनाफे का लालच देकर आरोपियों ने अलग-अलग खातों में 24.25 लाख रुपए ट्रांसफर करवा कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया.

हीरानगर थाना क्षेत्र में ही रहने वाले 26 वर्षीय धीरज साहू के मोबाइल पर ओटीपी भेजकर बैंक खाते से 1.50 लाख रुपए निकाल लिए गए. घटना 25 दिसंबर 2025 की है. एक अन्य मामले में अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में रहने वाले 25 वर्षीय गोकुल मारू के क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन धोखाधड़ी कर 1.02 लाख रुपए निकाल लिए. जबकि द्वारकापुरी में रहने वाले 40 वर्षीय कमल बंसारी के खाते से मोबाइल नंबर के जरिए अज्ञात आरोपी ने रकम निकालकर ठगी की. लगातार बढ़ते साइबर फ्रॉड के मामलों को देखते हुए पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी अनजान कॉल, लिंक या निवेश ऑफर से बचने की अपील की है.

## रेस्टोरेंट खोलने के नाम पर 2.73 लाख की ठगी

इंदौर. एमआईजी थाना क्षेत्र में रेस्टोरेंट खोलने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है. आरोपी ने फरियादी से लाखों रुपए लेकर वादा पूरा नहीं कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया. पुलिस के अनुसार, अंबेडकर नगर में रहने वाले 30 वर्षीय रवि शर्मा से शिवराज सिंह परिहार उर्फ जोजो ने रेस्टोरेंट खोलने के नाम पर तीन साल पहले 2 लाख 73 हजार रुपए लिए थे. लेकिन आरोपी ने न तो रेस्टोरेंट शुरू किया और न ही रुपए वापस किए. खुद को ठगा महसूस होने पर फरियादी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## तीन थाना क्षेत्रों में चोरों का धावा, नकदी जेवर समेत लाखों चुराए

इंदौर. शहर के गांधी नगर, संयोगितागंज और ग्रामीण थाना बड़गौंदा क्षेत्रों में अलग-अलग वारदातों में बदमाशों ने सूने मकान और वाहन को निशाना बनाकर नकदी, जेवर व अन्य सामान पार कर दिया. तीनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, गांधी नगर थाना क्षेत्र की समर्थ ग्रीन कॉलोनी में रहने वाले 36 वर्षीय रवि शर्मा के सूने मकान का ताला तोड़कर कोई अज्ञात चोर अंदर घुसे और अलमारी से 49 हजार रुपए नकद व एटीएम कार्ड चोरी कर ले गए. इसी तरह संयोगितागंज थाना क्षेत्र के पारसी मोहल्ला छावनी में रहने वाले 51 वर्षीय धीरज प्रजापत के घर में देर रात बदमाशों ने ताला तोड़कर घुसे और सोने का मंगलसूत्र, सोने की चैन, चांदी की बिछिया सहित करीब 4500 रुपए नकद लेकर फरार हो गए. जबकि बड़गौंदा थाना क्षेत्र में केसर पैलेस के पास खड़ी कार को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया. यहां रहने वाले राधा किन्नर ने पुलिस को बताया कि बदमाश कार का कांच तोड़कर 14 पीतल की परात, करीब 12 ग्राम सोने की चैन, कान के टॉप्स, जरूरी दस्तावेज सहित करीब 70 हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गए. तीनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है.

**एक नजर में** | **सीवरेज लाइन नहीं होने से लोगों के घरों में सेप्टिक टैंक हो गए फुल, बार-बार शुल्क देकर करा रहे खाली**

# सड़क बना दी, पर सीवरेज लाइन डालना भूले, रहवासी परेशान



इंदौर. हवा बंगला क्षेत्र में सीवरेज लाइन अधूरी होने से रहवासी परेशान हैं. कई स्थानों पर सड़क निर्माण के दौरान लाइन नहीं डाली गई ऐसे में लोगों को सेप्टिक टैंक खाली कराने में अतिरिक्त खर्च और असुविधा झेलनी पड़ रही है.

शहर में सीवरेज व्यवस्था को लेकर दावे भले ही बड़े किए जा रहे हों, लेकिन जमीनी हकीकत अलग नजर आ रही है. हवा बंगला क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 79 स्थित विदुर नगर में चौधरी मार्केट के पास आज भी सीवरेज लाइन की अधूरी व्यवस्था लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है. क्षेत्र में कई स्थानों पर सीवरेज लाइन डालने का कार्य जारी है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि कुछ जगहों पर पक्की सड़क का निर्माण कर दिया गया, जबकि उसके नीचे सीवरेज लाइन नहीं डाली गई. इस लापरवाही का खामियाजा स्थानीय रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है. अधिकांश घरों में सेप्टिक टैंक बने हुए हैं. लेकिन, सीवरेज लाइन नहीं होने के कारण जिन्हें हर 15 दिन में खाली कराना पड़ रहा है. इसके लिए लोगों को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है. हालांकि, क्षेत्रीय पार्षद का कहना है कि सीवरेज लाइन का कार्य तेजी से चल रहा है, शेष स्थानों पर भी जल्द सीवरेज लाइन डाली जाएगी. लेकिन, बड़ा सवाल यह है कि जब सीवरेज लाइन डालनी ही थी तो पहले सड़क निर्माण क्यों किया गया. अब सीवरेज के लिए बनी बनाई सड़क को खोदा जाएगा, जिसके ऊपर जनता के टैक्स के नाम पर वसूले गए लाखों रुपए खर्च हो चुके हैं.

## यह बोले रहवासी...



हर साल चुनाव के समय वादे करते हैं, लेकिन शुरू से ही अभी तक क्षेत्र के इस हिस्से में सीवरेज लाइन का कार्य नहीं हुआ है. क्षेत्र में सीवरेज लाइन की जरूरत है.

- प्रवीण यादव



कुछ समय पहले बताया था कि टेंडर पास हो गया है. आसपास के क्षेत्र में तो कार्य चल रहा है, सीवरेज लाइन डालने से लोगों को बहुत ज्यादा सुविधा हो जाएगी.

- सतीश मिश्रा



सीवरेज लाइन नहीं होने के कारण सड़कों पर गंदा पानी ढुलता है, जैसे दूसरे क्षेत्रों में कार्य हो रहा है, हमारे यहां भी सीवरेज का कार्य होना चाहिए, जिससे लोगों को सुविधा मिल सके.

- भैया लाल



सीवरेज लाइन डलना शुरू हो गई है, चौधरी मार्केट पास भी शीघ्र डलेगीवार्ड में जहां-जहां सीवरेज लाइन नहीं है, वहां 20 करोड़ रुपए की लागत से लाइन डालने का कार्य शुरू हो चुका है. कंपनी पर लोड ज्यादा है, जल्द ही आपके बताए हुए स्थान चौधरी मार्केट के पास भी सीवरेज लाइन डालने का कार्य शुरू किया जाएगा.

- लक्ष्मी वर्मा, पार्षद